फा. सं 12016/05/2025- रा.भा (का-2)

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी -II भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 22.04.2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती" समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती"** समारोह का आयोजन नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी प्रस्तावित हैं। इन प्रतियोगिताओं में अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में कार्यरत राजभाषा हिंदी से जुड़े कार्मिक शामिल हो सकते है। सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सहभागिता लेने संबंधी सूचना निर्धारित तिथि तक दिए गए ई-मेल आईडी पर भेजनी होंगी।

2. प्रतियोगिताओं का समग्र विवरण इस प्रकार है:-

| **क्र. स.** | **प्रतियोगिता का नाम और अवधि** | **प्रतियोगिता का प्रकार** | **प्रस्तावित तारीख** | **आयोजन स्थल** | **नोडल अधिकारी** (सहभागिता संबंधी सूचना संबंधित अधिकारी को 15 मई, 2025 तक भिजवाएँ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी आशुलिपि प्रतियोगिता | 80-100 शब्द प्रति मिनट | 28 मई, 2025 (बुधवार) | **केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र:- नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता एवं गुवाहाटी** | **ले. कर्नल रामनरेश शर्मा, निदेशक, हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली**<br>(1) नई दिल्ली ईमेल-ddhts-nc-dol@nic.in<br>(2) मुंबई ईमेल-ddhts-west-dol@nic.in<br>(3) चेन्नई ईमेल -ddhts-south-dol@nic.in<br>(4) कोलकाता ईमेल-ddhts-east-dol@nic.in<br>(5) गुवाहाटी ईमेल-ddhts-ne-dol@nic.in |
| 2. | राजभाषा नीति/कार्यान्वयन/ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (2 घंटे) | लिखित/ बहुवैकल्पिक | 02 जून, 2025 (सोमवार) प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक | | |
| 3. | पारिभाषिक शब्दावली एवं अनुवाद प्रतियोगिता (1 घंटा) | लिखित | 02 जून, 2025 (सोमवार) दोपहर: 02:00 से 03:00 बजे तक | | |
| 4. | लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता (30 - 60 सैकेण्ड)<br>(i) हिन्दी के विकास में AI का उपयोग (व्यावहारिक प्रदर्शन सहित)<br>(ii) राजभाषा की विकास यात्रा में कुछ अविस्मरणीय पल | ऑनलाईन | 05 जून, 2025 (बृहस्पतिवार) | | **श्री आशीष नेगी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग**<br>ईमेल - anegi.sto@gov.in<br>मोबाईल-9811705359 |
| 5. | आशुभाषण प्रतियोगिता (प्रत्येक प्रतिभागी 2 मिनट) | मौके पर | 06 जून, 2025 (शुक्रवार) | एनडीसीसी सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली | **श्री राजेश श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, राजभाषा विभाग**<br>ईमेल आई डी- rajesh.srivastva@nic.in<br>मोबाईल-9891358585 |

3. उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु टीए/डीए का भुगतान संबंधित कार्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागी के आवास की व्यवस्था भी संबंधित कार्यालय द्वारा ही की जाएगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन पर्याप्त प्रविष्टियों के प्राप्त होने पर निर्भर करेगा। प्रतियोगिताओं के विजेताओं के बारे में निर्णायक का निर्णय अंतिम होगा। पुरस्कार विजेताओं की घोषणा यथासमय की जाएगी। प्रत्येक श्रेणी में लगभग 5 पुरस्कार दिए जाएंगे।

4. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी ऊपर दी गई तालिका के क्र.सं. 1 से 3 पर दी गई ईमेल आईडी में से अपनी सुविधानुसार अपनी सहभागिता के संबंध में ईमेल करें। प्रतिभागियों से प्राप्त आवेदन की जाँच उपरांत परीक्षा में शामिल होने की पुष्टि एवं परीक्षा स्थल के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

5. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143

प्रतिः-

1. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग /बैंक/ उपक्रम/ अधीनस्थ कार्यालय/ स्वायत्त संस्थान/ निकाय/ बोर्ड/ संबद्ध कार्यालय आदि के कार्यालय प्रमुखों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने संगठनों में कार्यरत राजभाषा से जुड़े कार्मिकों को इस प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु अनुमति प्रदान करें।
2. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान - क्र. सं. 1 से 3 पर उल्लिखित प्रतियोगिताओं के आयोजन से संबंधित आवश्यक कार्रवाई हेतु।
3. श्री राजेश श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, राजभाषा विभाग- क्र. सं. 5 पर उल्लिखित प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. डॉ. पी.वी. राधिका, सहायक निदेशक (भाषा) हि.शि.यो., नई दिल्ली, ईमेल-ddhts-nc-dol@nic मोबाईल-9844622262
5. श्रीमती गार्गी गाडगिल, सहायक निदेशक (भाषा) हि.शि.यो., मुंबई, ईमेल-ddhts-west-dol@nic.in, मोबाईल-9969250917
6. श्रीमती बेला, उप निदेशक, हि.शि.यो., चेन्नई, ईमेल -ddhts-south-dol@nic.in, मोबाईल-9849712780
7. सुश्री सुमन साहा, सहायक निदेशक (भाषा), हि.शि.यो., कोलकाता, ईमेल-ddhts-east-dol@nic.in, मोबाईल-9433078205
8. श्री निपन कुमार बरदलै, सहायक निदेशक (भाषा), हि.शि.यो., गुवाहाटी, ईमेल-ddhts-ne-dol@nic.in, मोबाईल-9435734260
9. श्री आशीष नेगी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग

प्रतिलिपि प्रेषितः

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव।